# बिहार सरकार
# ग्रामीण कार्य विभाग

## कार्यालय आदेश

आदेश संख्याः— 2/अ0प्र0—1—92/2026 287 /पटना, दिनांक :— 15/5/26

विगत एक माह से DPR Consultant (Major anomaly) के विरूद्ध Blacklist करने की कार्रवाई किये जाने के निदेश के बावजूद मामला तार्किक परिणीति तक नहीं पहुँचने, DPR Consultant के साथ मिलीभगत से सरकारी कार्यो के निष्पादन में अवरोध किये जाने एवं उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना करने संबंधी आरोपों पर ज्ञाप संख्या—60/S दिनांक 12.03.2026 द्वारा श्री वरूण कुमार, नोडल, (मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना) से स्पष्टीकरण की मांग की गयी।

उक्त के प्रसंग में श्री कुमार द्वारा अभ्यावेदन दिनांक 23.03.2026 के माध्यम से स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। स्पष्टीकरण के साथ ब्राडा को प्रेषित पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए श्री कुमार द्वारा यह उल्लेख किया गया कि पुल सलाहकारों से प्राप्त सूचना के आलोक में पुल निर्माण से संबंधित कुल 15 डी0पी0आर0 परामर्शी में से संबंधित 08 डी0पी0आर0 परामर्शी पर एकरारनामा के सुसंगत कंडिकाओं के अनुसार कार्रवाई हेतु ब्राडा को प्रस्ताव समर्पित किया गया है।

श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण के समीक्षोपरान्त पाया गया कि मामले को तार्किक परिणति तक पहुँचाने हेतु नोडल पदाधिकारी के रूप में श्री बरूण कुमार के स्तर से आवश्यक कार्रवाई किया जाना अपेक्षित था, जो उनके द्वारा नहीं किया गया।

अतः श्री बरूण कुमार, नोडल (मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना) को **भविष्य में सचेत** रहने हेतु निदेशित किया जाता है।

प्रस्ताव पर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना का अनुमोदन प्राप्त है।

14/5/26
(आदित्य प्रकाश)
उप सचिव

ज्ञापांक :— 2/अ0प्र0—1—92/2026 5981 /पटना, दिनांक :— 15/5/26

**प्रतिलिपिः**— सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख—सह—अपर आयुक्त—सह—विशेष सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी अपर सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/संयुक्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—6, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ श्री बरूण कुमार, नोडल (मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

उप सचिव 14/5/26

ज्ञापांक :— 2/अ0प्र0—1—92/2026 5981 /पटना, दिनांकः— 15/5/26

**प्रतिलिपि** :— आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

उप सचिव 14/5/26